दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 11 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 135

महत्वपूर्ण एवं खास

ऑनलाइन गेमिंग के लिए मोदी सरकार बनाने जा रही है नियम

नई दिल्ली (आरएनएस)। इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि ऑनलाइन गेमिंग के लिए जल्द नियम बनाए जाएंगे। चंद्रशेखर ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सरकार किसी देश के आधार पर ऐप को प्रतिबंधित नहीं करती हैं बल्कि उनके संचालन के आधार पर यह निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ऋण उपलब्ध कराने वाले ऐप पर सतर्क है और उचित कार्रवाई कर रही है।

चीन समेत छह देशों से भारत आने वाले यात्रियों के लिए नियमों में छूट, सरकार ने हटाई पाबंदियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार ने कोरोना की वजह से छह देशों के लिए अनिवार्य किए गए नियमों में राहत दे दी है। अब इन देशों से आने वाले यात्रियों को कोरोना की जांच रिपोर्ट और 'एयर सुविधा' फॉर्म को अपलोड करने के नियम से राहत दे दी है। जिन छह देशों से आने वाले या इन देशों से होकर आने वाले यात्रियों को सहूलियत दी गई है, उनमें चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया, थाईलैंड और जापान शामिल हैं।

बीबीसी के प्रसारण पर नहीं लग सकता बैन, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीबीसी की प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया:द मोदी क्वेश्चन' पर लगे बैन को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि सेंसरशिप नहीं लगा सकते। भारत में बीबीसी के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाए जाने की मांग वाली अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इस तरह की मांग उठाना पूरी तरह से गलत और अतार्किक है। बेंच के सामने पेश अर्जी में कहा गया था कि बीबीसी और बीबीसी इंडिया के देश में प्रसारण पर रोक लगाई जाए। याची का कहना था कि बीबीसी ने 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' जैसी डॉक्युमेंट्री तैयार की है, जो अशांति पैदा करने वाली है। ऐसे में बीबीसी के प्रसारण पर ही रोक लग जानी चाहिए। इस मामले में जस्टिस खन्ना ने कहा कि आप इस पर बहस भी कैसे कर सकते हैं कि यह पूरी तरह से गलत है। साथ ही सवाल पूछते हुए कहा कि आप अदालत से बीबीसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग कैसे कर सकते हैं?

ट्रंप का फेसबुक अकाउंट दो वर्षों के निलंबन के बाद बहाल

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट को दो वर्षों के निलंबन के बाद बहाल कर दिया गया है। इसे 06 जनवरी, 2021 को अमेरिका के कैपिटॉल हिल में हुई हिंसा के बाद निलंबित कर दिया गया था। यह जानकारी सीएनएन ने शुक्रवार को दी। रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप अब अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर सकते है, हालांकि उन्होंने अब तक कुछ भी पोस्ट नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों प्लेटफार्मों की मालिकाना कंपनी मेटा ने कहा कि उसने पाया कि ट्रम्प की ऑनलाइन गतिविधियों से सार्वजनिक सुरक्षा का जोखिम बहुत कम हो गया है, इसलिए उसने उनके अकाउंट से प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया।

जम्मू-कश्मीर में मिला 59 लाख टन लीथियम का भंडार, सस्ती ईवी के खुलेंगे रास्ते

जम्मू (आरएनएस)। इलेक्ट्रिक व्हीकल की चर्चाओं के बीच बड़ी खुशखबरी है। भारत सरकार को देश में पहली बार 59 लाख टन लिथियम रिजर्व मिला है। यह जानकारी जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट से मिली है। खास बात है कि लिथियम नॉन फेरस मेटल है और ईवी बैटरी में शामिल होने वाली जरूरी चीजों में से एक है।

जानकारी के लिए बता दें कि खनन मंत्रालय को रियासी जिले के सलाल-हैमाना इलाके में करीब 59 लाख टन का लीथियम का भंडार मिला है। गुरुवार को हुई 62वीं सेंट्रल जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड (सीजीपीबी) की बैठक के दौरान 15 अन्य संसाधनों वाली भूवैज्ञानिक रिपोर्ट और 35 भूवैज्ञानिक ज्ञापनों के साथ यह रिपोर्ट संबंधित राज्य सरकारों को सौंप दी गई है। खास बात है कि लिथियम नॉन फेरस मेटल है और ईवी बैटरी में शामिल होने वाली जरूरी चीजों में से एक है।



खनन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 'जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को पहली बार जम्मू और कश्मीर में रियासी जिले के सलाल-हैमाना में 59 लाख टन लिथियम इन्फर्ड रिसोर्सेज मिले हैं।' सरकार ने जानकारी दी है कि लिथियम और गोल्ड समेत 51 मिनरल ब्लॉक संबंधित राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं।

मंत्रालय के अनुसार, 'इन 51 मिनरल ब्लॉक्स में से 5 ब्लॉक्स गोल्ड और अन्य पोटाश, मोलिब्डेनम, बेस मेटल्स आदि से जुड़े हैं, जो जम्मू और कश्मीर, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना में फैले हुए हैं।' इनके अलावा 7897 मिलियन टन के कोयला और लिगनाइट की 17 रिपोर्ट्स को कोयला मंत्रालय को दिया गया है।

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने रणनीतिक और अहम खनिजों पर 115 प्रोजेक्ट्स तैयार किए हैं। वहीं, 16 प्रोजेक्ट्स फर्टिलाइजर मिनरल्स के लिए तैयार किए गए हैं। जीएसआई की शुरुआत साल 1851 में रेलवे की मदद के लिए जमा कोयला खोजने के लिए हुई थी। हालांकि, 200 सालों से ज्यादा की यात्रा के दौरान जीएसआई जियो साइंस के मामले में अहम भूमिका निभा रहा है। साथ ही जियो साइंटिफिक ऑर्गेनाइजेशन होने का दर्ज भी प्राप्त कर चुका है।

अंतरिक्ष में भारत की फिर लंबी छलांग

इसरो ने लॉन्च किया सबसे छोटा रॉकेट 'एसएसएलवी-डी2'

श्रीहरिकोटा (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज यानी शुक्रवार को सुबह 9.18 बजे अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान के दूसरे संस्करण को लॉन्च कर दिया है। छोटे सैटेलाइटों को अंतरिक्ष में छोड़ने के लिए बनाए गए इस सबसे छोटे रॉकेट की लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से हुई। यह एसएसएलवी का सेकेंड एडिशन है।

करीब 15 मिनट के उड़ान के दौरान यह रॉकेट तीन उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोड़ेगा जिसमें इसरो का ईओएस-07, अमेरिका स्थित फर्म अंतरिस का जेनस-1 और चेन्नई स्थिति एक स्पेस स्टार्टअप का आजादीसेट-2 सैटेलाइट शामिल हैं। इसरो के मुताबिक, इसके जरिए धरती की निचली कक्षा में 500 किलोग्राम के सैटेलाइट को निचली कक्षा में छोड़ा जा सकता है।

इस रॉकेट की पहली टेस्टिंग उड़ान पिछले साल 9 अगस्त को विफल साबित हुई थी।रॉकेट के प्रेक्षेपित करते समय वेलोसिटी को लेकर दिक्कतें आई थी। इसरो की ओर से की जांच के बाद पता चला है कि दूसरे चरण के अलगाव के दौरान रॉकेट में कंपन आ गई थी जिसकी वजह से प्रयोग सफल नहीं हो पाया।

बीएसएफ ने पाक ड्रोन से गिराए गए हथियार व ड्रग्स किए बरामद

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास को एक बार फिर विफल कर दिया। फिरोजपुर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा से बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए भेजी गई चीनी पिस्तौल, गोलियां और 3 किलो हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 9 और 10 फरवरी की रात पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में पाकिस्तान के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सतर्क बीएसएफ सैनिकों ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास करने वाले एक ड्रोन का पता लगाया। इसके बाद जवानों ने ड्रोन-रोधी उपाय किए और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां दागी।

एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद में

बीएसएफ के जवानों द्वारा की गई तलाशी के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई खेप का एक पैकेट बरामद किया गया। पैकेट में लगभग 3 किलो हेरोइन, 1 चीन निर्मित पिस्तौल, कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुई है। हेरोइन की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है।

गौरतलब है की पंजाब की सीमा में ड्रोन के जरिए पाकिस्तान की तरफ से अक्सर ड्रग्स और हथियार भेजे जा रहे हैं। इसके लिए बीएसएफ न सिर्फ एंटी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल कर रही है, बल्कि तस्करों को पकडऩे के लिए स्थानीय पुलिस की मदद भी ले रही है।

ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट : 7.45 लाख करोड़ के एमओयू साइन, तीनों प्राधिकरणों ने किया 2.67 लाख करोड़ का निवेश

नोएडा (आरएनएस)। लखनऊ में आज होने वाली इनवेस्टर्स समिट को लेकर गौतमबुद्ध नगर से 7 लाख 85 हजार 937 करोड़ के प्रस्ताव आए। इसमें से 7 लाख 45 हजार 815 करोड़ के एमओयू साइन हुए। इसमें सबसे ज्यादा प्रस्ताव यमुना विकास प्राधिकरण के 1 लाख 6 हजार करोड़ के प्रस्ताव आए। इसमें 1 लाख 116 करोड़ के एमओयू साइन किए गए। इस निवेश से एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इनवेस्टर्स समिट में तीनों प्राधिकरणों के 90 अधिकारी शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि लखनऊ में आज से 12 फरवरी तक ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का आयोजन शुरू हो रहा है। इस बार निवेश का लक्ष्य 17 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है, जबकि निवेश के प्रस्ताव 21 लाख करोड़ तक आ गए है। इसमें अकेले जनपद गौतमबुद्ध नगर का 7 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश है। इसकी बड़ी वजह नोएडा के अधिकारियों का आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हैदराबाद, दिल्ली, चंडीगढ़ का रोड शो भी है। यहां निवेश करने वालों में आईटी, आईटीईएस, कॉमर्शियल, इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रुप हाउसिंग, डेयरी, एनर्जी, एग्रीकल्चर, एजुकेशन, सिविल एविएशन, मेडिकल एजुकेशन, फॉरेस्ट कंपनियां शामिल है। आईटी/आईटीईएस सेक्टर में सबसे ज्यादा निवेश हुआ है।

नोएडा प्राधिकरण में 88 हजार 700 करोड़ के पास प्रस्ताव आए। इसमें 85 हजार 993 करोड़ के एमओयू 361 कंपनियों की ओर से किए गए। इनमें लुलू मॉल प्रबंधन की ओर से 2500 करोड़। अदाणी की ओर से 5000 करोड़, एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 7500 करोड़, इंजिका से 4300 करोड़, क्लियर लेक प्राइवेट लिमिटेड ने 4000 करोड़, थीम कांउटी प्राइवेट लिमिटेड ने 3200 करोड़, गोदरेज प्रॉपर्टी लिमिटेड ने 2400 करोड़, फेयरफोक्स इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने 2000 करोड़, रोज बेरी स्टेट एलएलपी ने 2000 करोड़, थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड ने 2000 करोड़, महागुन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने 1800 करोड़, कैंनसिलर कंस्लटेंसी ने 1200 करोड़ निवेश करने का समझौता किया है।

वहीं 13 कंपनियों ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू साइन किए है। प्राधिकरण ने बताया कि सिंगापुर और आस्ट्रेलिया से आए निवेश को भी इसमें शामिल किया गया है। इसमें डाटा सेंटर और एक एजुकेशन संबधित निवेश भी शामिल है।

लखनऊ में होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण का एक-एक स्टॉल लगाया गया है।

टाटा ग्रुप का ऐलान, यूपी के हर शहर को देश-दुनिया से कनेक्ट करेगी एयर इंडिया, मुकेश अंबानी करेंगे 75,000 करोड़ का निवेश

लखनऊ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में आज यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन कर दिया है। इस दौरान उनके साथ यूपी की गवर्नर आनंदीबेन पटेल, देश के रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी फीता काटकर निवेशकों के इस महाकुंभ का उद्घाटन किया। रिलायंस इंडस्ट्री के सीएमडी मुकेश अंबानी, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला और टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने क्कत्रढ्ढस् के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया आगामी समय में उत्तर प्रदेश के हर कोने को देश और दुनिया से कनेक्ट करेगा।

बता दें कि इस आयोजन के दौरान तीन दिनों में कुल 34 सत्र होंगे। पहले दिन 10, दूसरे दिन 13 और आखिरी दिन 11 सत्र होंगे। सम्मेलन में 22 केंद्रीय मंत्री और तीन देशों के मंत्री भी शामिल होंगे।

आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यूपी सरकार ने ईज आफ डूइंग बिजनेस की दिशा में शानदार काम किया है। निवेश मित्र पोर्टल काफी बेहतर है, जिसके कारण यह निवेशकों के आकर्षक वाला प्रदेश बन गया है।

समिट को संबोधित करते हुए आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस यूपी के विकास के लिए काम करता रहेगा। इस राज्य में रिलायंस द्वारा और 75000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।

मुकेश अंबानी यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को हिंदी में संबोधित करते हुए कहा कि यूपी भगवान राम की पुण्य भूमि है। भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। अब भारत तेजी से तकनीक की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है। इस समय ग्रामीण और शहरी भारत की दूरी कम हो रही है।

यूपी ग्लोबल इनवेस्टर समिट में मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस उत्तरप्रदेश के विकास के लिए काम करता रहेगा। अब तक हमारी कंपनी ने यूपी में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस निवेश के बाद भी आगे हमारी तरफ से राज्य में निवेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले चार सालों में राज्य में अतिरिक्त 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

बांदा (आरएनएस)। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव के मजरा पाड़ादेव निवासी महादेव (65) पुत्र गिल्ला गुरुवार की शाम सब्जी बेचकर साइकिल से घर जा रहा था। तभी पाड़ादेव पुल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के छोटे भाई राजाराम ने बताया कि महादेव के नाम 12 बीघा जमीन है। दूसरी घटना में देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव के मजरा डाडिन पुरवा निवासी नरेंद्र प्रजापति (22) पुत्र कमलेश प्रजापति अपने चचेरे भाई अंकित (18) पुत्र सूरजबली के साथ ममेरे भाई की बारात में शामिल होकर लौट रहा था। देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही तिराहे के समीप सामने से आ रहे वाहन की रोशनी से आंखे चैंधियां गई और बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया। वहां उपचार होने से पहले ही नरेंद्र ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता कमलेश ने बताया कि नरेंद्र बीए फाइनल का छात्र था। एक अन्य घटना में चित्रकूट जिले के खोही गांव निवासी विद्या (45) पत्नी बाबूलाल तीन दिन पहले अपने पुत्र रामगोपाल के साथ शादी में शामिल होने के लिए बाइक पर कर्वी जा रही थी। रास्ते में ब्रेकर में बाइक उछल जाने से वह गिरकर घायल हो गई। उसे तत्काल नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। काफी दिन पहले बीमारी से उसके पिता की भी मौत हो चुकी है।

एक्सल टूटने से पलटा टैम्पो, दो की मौत 5 घायल

सिधौली (आरएनएस)। जतौरा के निकट हाइवे पर टेम्पो का एक्सल टूटने से डिवाडर से टकराकर पलट गया। तिलक चढ़ाकर वापस आ रहे टेम्पो सवार दो की मौत हो गयी 5 लोग घायल हो गये। परिवार में तब मातम का माहौल छा गया जब एक परिवार अपनी बेटी का तिलक चढ़ा कर वापस आ रहा था और वह भीषण सडक़ हादसे का शिकार हो गया। सडक़ हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया। परिवारी जनों को सूचना मिलते ही उनकी खुशियां गमों में तब्दील हो गई।

आपको बता दें मनोज पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी महोना थाना इटौंजा अपनी बेटी सलोनी का तिलक चढ़ाने सीतापुर जनपद के मछरेहटा थाना क्षेत्र के हरपालपुर गांव आया था। परिवारीजनों ने खुशियों के साथ तिलक चढ़ाया और सारी रस्में पूरी करने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी गुरुवार की रात सिधौली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर जतौरा के निकट अचानक उनकी टेंपो गाड़ी का एक्सेल टूट गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण सडक़ हादसे में बेटी सलोनी के बाबा शिव शंकर जोशी तथा उसके चाचा लवकुश पुत्र लक्ष्मी नारायण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा कई लोग घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिधौली पहुंचाया। घायलों में राम शंकर पुत्र बद्री प्रसाद उम्र 60 वर्ष मनीष पुत्र दिलीप उम्र 16 वर्ष सुनील पुत्र हनुमान प्रसाद उम्र 45 वर्ष तथा जयस पुत्र लवकुश उम्र 5 वर्ष शामिल है। परिवारी जनों ने बताया कि मृतक लवकुश अपने पीछे तीन छोटे-छोटे मासूमों को छोडक़र गया है। मासूमों की उम्र 7 साल 5 साल तथा ढाई साल है। तीन छोटे-छोटे मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवारी जनों का रो रोकर बुरा हाल है। जिसने भी इस हादसे को सुनना या देखा वह अपने आपको संभाल नहीं सका। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अन्य विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

निर्माणाधीन राम मंदिर देखने के इच्छुक पर्यटक हेलिकॉप्टर सेवा का उठा सकेंगे लाभ

लखनऊ (आरएनएस)। नई अयोध्या और निर्माणाधीन राम मंदिर को देखने के इच्छुक पर्यटक जल्द ही इस पवित्र नगरी के ऊपर हेलीकॉप्टर की सवारी का लाभ उठा सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने पायलट आधार पर अयोध्या में हेलीकॉप्टर सेवा संचालित करने वाली कंपनियों/एजेंसियों से प्रस्ताव मांगे हैं।

प्रधान सचिव (पर्यटन) मुकेश मेश्राम ने कहा, हमारे पास लखनऊ के साथ-साथ अयोध्या में भी राज्य के स्वामित्व वाला हेलीपैड है। हम विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहे हैं। हवाई टैक्सी की सुविधा प्रदान करने से लेकर उन लोगों के लिए जो लखनऊ से अयोध्या के लिए एक हेलिकॉप्टर लेना चाहते हैं या जो लोग अयोध्या की एक त्वरित आनंदमय यात्रा करना चाहते हैं।

पर्यटन विभाग के विशेष सचिव शैलेश मिश्रा ने कहा कि जॉयराइड के लिए एजेंसी की व्यवस्था पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर होगी और तीन महीने की शुरुआती अवधि के लिए होगी।

सरकार के प्रस्ताव में दिलचस्पी रखने वाली एजेंसियों को 21 फरवरी को लखनऊ में प्री-बिड मीट में शामिल होना है।

दिसंबर 2022 में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अयोध्या पर्यटन 2024 तक दस गुना बढ़ जाएगा, जो कि राम मंदिर निर्माण पूरा होने के लिए निर्धारित तिथि के साथ मेल खाता है।

पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा, एक बार राम मंदिर भक्तों के लिए तैयार हो जाए, तो हम अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर भारी भीड़ की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा कि अयोध्या आने-जाने के लिए हेलिकॉप्टर की सुविधा से उन पर्यटकों को भी मदद मिलेगी, जो यात्रा का समय बचाना चाहते हैं।

केंद्र और यूपी में डबल इंजन सरकारें अयोध्या के विकास पर 30,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रही हैं।

राज्य सरकार अपने बेड़े का रखरखाव करती है, जिसमें तीन विमान और तीन हेलिकॉप्टर शामिल हैं।

2024 की शुरुआत में राम मंदिर बनने से पहले, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम हवाई अड्डे के निर्माण का पहला चरण पूरा होने की उम्मीद है।

हवाई अड्डे का पहला चरण घरेलू परिचालन के लिए होगा, दूसरा वैश्विक यात्रियों के लिए होगा।